2018

HINDI

(Major)

Paper : 6.5

(Pradeshik Sahitya : Asamiya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) पद्मनाथ गोहाञि बरुवा द्वारा विरचित किसी एक उपन्यास का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) मि० पियेनार का ऑपरेशन किस डॉक्टर ने किया?

(ग) 'नाम-घोषा' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) 'बाँही' पत्रिका के प्रथम संपादक का नाम क्या है?

(ङ) 'बीण बरागी' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(च) भवेन्द्र नाथ शइकीया किस युग के श्रेष्ठ कहानीकार हैं?

(छ) 'बिचित्र' कहानी की नायिका कौन है?

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) अम्बिकागिरी रायचौधरी रचित दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) ''ईश स्वरूपे हरि सब घटे बैठह
जैचन गगन बियापि।''

—का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) शंकरोत्तर युग के दो प्रमुख साहित्यकारों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) असमिया स्वच्छन्दतावादी काव्यधारा के दो प्रमुख कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) नलिनीबाला देवी का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) भक्तिकालीन असमिया वैष्णवेतर साहित्य का सामान्य परिचय दीजिए।

(ग) असमिया भाषा-साहित्य के विकास में 'अरुणोदय' पत्रिका की भूमिका पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(घ) 'गहवर' कहानी के किसी एक पात्र की चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) डॉ० सूर्य कुमार भूञा की साहित्यिक देन पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) असमिया भाषा के उद्भव एवं विकास पर एक लेख लिखिए।

अथवा

पठित बरगीतों के आधार पर श्री श्री माधवदेव-विरचित बरगीतों के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'मानव वंदना' शीर्षक कविता में कैसे मानव की वंदना की गई है? अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

''स्नेह देवी रचित कहानी 'बिचित्र' नारी-जीवन की अंतर्कथा का चित्र है।'' इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

(ग) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''दूरर मंदिर जिटो अति आचरित
सिजे माथो माया मरीचिका;
नाइ तात देवतार पूजा आयोजन,
मिछातेइ देखिछा जिलिका।''

अथवा

दयार ठाकुर हरि यदुमणि ऐ राम
अधमे तोमार नाम डाके।
कृपा करा नारायण आमार चंचल मन
तोमार चरणे जेन थाके॥

★★★